Datanet India

Date	Publication	Edition	Headline	Page
09-01-18	Dainik savera	Dehradun	Election Atlas of India – launched	02

‘इलैक्शन एटलस ऑफ इंडिया’ पुस्तक का विमोचन

देहरादून (इंद्रजीत शर्मा) : सामाजिक आर्थिक एवं चुनावी सांख्यिकी आंकड़ों का प्रसार करने वाले भारत के प्रमुख आई.टी. इनेबल्ड संगठन डेटानेट इंडिया ने नई दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में अपनी पुस्तक इलैक्शन एटलस ऑफ इंडिया का लॉन्च किया। भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डा. नसीम ज़ैदी द्वारा प्रस्तावित यह पुस्तक डेटानेट इंडिया के निदेशक डा. आर.के. ठुकराल द्वारा सम्पादित और प्रकाशित है। अपनी प्रस्तावना में भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डा. नसीम जैदी ने कहा कि एटलस में चुनाव से जुड़े विभिन्न तथ्यों, मतदाताओं, उम्मीदवारों और वंचित समुदायों के विभिन्न स्तरों पर एकत्रित सांख्यिकी आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। इन मानकों और पहलुओं को जीआईएस टेकनोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए प्रभावी ग्राफ, चार्ट, विषयगत मानचित्रों के रूप में प्रस्तुत किया गया है। एटलस में संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में उप-चुनावों के बारे में ऐतिहासिक आंकड़ों तथा राज्यों के गठन एवं विभाजन के बाद हुए बदलावों पर रोशनी डाली गई है।